


व्यवस्था | हादसे के बाद नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

## पिंक रेलवे स्टेशन पर लगने लगी जालियां और कैमरे

**जबलपुर, नवभारत।** देश के पहले पिंक रेलवे स्टेशन मदन महल और इससे जुड़े आसपास के इलाकों में रेलवे सुरक्षा को बढ़ाने के लिए पटरियों के किनारे सेफ्टी फेंसिंग (बाड़) और सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है, ताकि जानवर और लोग पटरियों पर न आ सकें, जिससे पशु दुर्घटनाएं (सीआरओ) और मानव दुर्घटनाएं (एमआरओ) रुकेंगी। मालूम हो कि पिछले माह मदन महल स्टेशन में हुए हादसे को लेकर नवभारत द्वारा 13 दिसंबर को रेलवे लाइन के किनारे फेंसिंग करने की बात को प्रमुखता से उठाया गया था। जिसके बाद रेलवे ने इस ओर ध्यान देकर पिंक रेलवे स्टेशन से कार्य शुरू करवाया है। बता दे कि रेलवे द्वारा ट्रेनों का संचालन सुधारने और उनकी रफ्तार 130 प्रति घंटा करने की कवायत चल रही है। सूत्रों की माने तो प्रथम चरण में इटारसी जबलपुर मानिकपुर मुख्य रेल मार्ग पर काम शुरू हो चुका है और जल्द ही पूरे पश्चिम मध्य रेलवे में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।



### हादसे के बाद जागा प्रशासन

बता दे कि मदन महल स्टेशन पर पिछले माह रेलवे ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया है। जिसके बाद यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म पर यात्री सुरक्षा से जुड़े होर्डिंग और फ्लैक्स भी लगाए गए है। इनमें यात्रियों को पटरी पार नहीं करने, फुट ओवरब्रिज और निर्धारित मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है। स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है।



सुविधा | ट्रैक के दोनों ओर फेंसिंग का कार्य स्वीकृत, बढ़ेगी सुरक्षा, कम होंगे हादसे

जबलपुर मंडल कर रहा इंतजार, फेंसिंग लगने से सुरक्षित होंगे यात्री

नव भारत खबर का असर

### अभी ये है वस्तु स्थिति

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन मदन महल स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर ट्रैक के पास खाली स्थान पर जालियां लगवा रहा है। बता दे कि जबलपुर एंड की ओर से आरपीएफ चौकी तक जाली लगाई जा चुकी है। जानकारों के अनुसार आने वाले 4 दिनों में एफओबी तक जाली लगा दी जाएगी। यह वही जगह है जहां से बेधड़क पटरियां पार की जाती थी।

### इनका कहना है

पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर फेंसिंग लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। इसके लग जाने से हादसों में लगाम लगेगी और ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ाई जा सकेगी।

**हर्षित श्रीवास्तव**
**सीपीआरओ**
**पश्चिम मध्य रेल**



## शुरू हुआ सेमीफाइनल का रोमांच

**विआना विमेन प्रीमियर लीग सीजन चार**

**दैनिक नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल हैं मीडिया स्पॉन्सर**

**जबलपुर, नवभारत।** विआना स्पोर्ट्स एरीना के तत्वाधान में आयोजित हो रही विमेंस प्रीमियर लीग सीजन चार में गुरुवार से सेमी फाइनल का रोमांच धूम धाम के साथ शुरू हुआ। जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को हाई वोल्टेज मुकाबले देखने को मिले। जो इस ठंडे मौसम में भी गर्मी पैदा करने के लिए काफी थे। विआना स्पोर्ट्स की डायरेक्टर और डब्लूपीएल की ऑर्गनाइजर तेजल गुप्ता ने बताया कि महिला क्रिकेट की बढ़ती ताकत और लोकप्रियता ने सभी को अपनी ओर खींच लिया है। इस प्रतियोगिता का अगला अध्याय अब सेमी फाइनल बनेगा। वही उन्होंने आगे बताया कि जिस तरह से दैनिक नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल ने इस महिला प्रतियोगिता को स्पॉन्सर कर अहमियत दी है, वह भी काबिले तारीफ़ है।




### इस प्रकार खेले जाएंगे मुकाबले

विआना स्पोर्ट्स की डायरेक्टर तेजल गुप्ता ने नवभारत को बताया कि डब्लूपीएल का पहला सेमी फाइनल मुकाबला स्टार स्ट्राइकर्स और नर्मदा टाइग्रेस के बीच गुरुवार शाम छह बजे से खेला गया। इसी कड़ी में दूसरा सेमी फाइनल का मुकाबला शक्ति स्टार्स और डेंजेल डायनमो के बीच हुआ। सेमी फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में माया तिवारी और कीर्ति पांडेय शामिल हुई थी जिनका सम्मान तेजल गुप्ता द्वारा किया गया।

## कथाकार ज्ञानरंजन पंचतत्व में हुए विलीन, दी गई श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** संस्कारधानी को अपनी कर्मस्थली बनाने वाले यशस्वी कथाकार और सुप्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका पहल के संपादक ज्ञानरंजन पंचतत्व विलीन हो गये। गुरूवार सुबह उनकी अंतिम यात्रा अधारताल रामनगर स्थित निज निवास से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान हुई जहां विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से देश भर के साहित्यिक और सांस्कृतिक



गलियारों में शोक की लहर है। उनके निधन पर नगर के साहित्यकारों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। ज्ञानरंजन जी अप्रतिम कथाकार, गद्यकार और यशस्वी संपादक थे। आप 21 नवम्बर 1936 को महाराष्ट्र के अकोला में जन्मे थे। उच्च शिक्षा साहित्य के केन्द्र इलाहाबाद विवि से हासिल की। इसके बाद संस्कारधानी आए और यहां निजी कॉलेज में हिंदी प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दी। 1996 में सेवानिवृत होने के बाद भी वे साहित्य के प्रति सक्रिय रहे। ज्ञानरंजन जी ने साढ़े तीन दशकों तक पहल पत्रिका का संपादन किया। ज्ञान रंजन जी सातवें दशक के प्रमुख कथाकारों में माने जाते है। उनके अनेक कहानी-संग्रह प्रकाशित हुए जिनमें कबाडख़ाना विशेष रूप से चर्चित रहा। 7 जनवरी को रात्रि 10.30 बजे 90 वर्ष की आयु में जबलपुर में उनका निधन हो गया। उन्हें 7 जनवरी को सुबह इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। ग्वारीघाट में गुरूवार को उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

## शराब दुकानों के पास डिस्पोजल व ग्लास फेंकने पर होगी कार्रवाई

**कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा, खनिज और आबकारी विभाग की बैठक में दिए निर्देश**

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह नेफूड सेफ्टी, खनिज और आबकारी विभाग की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने खनिज और आबकारी विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों के पास डिस्पोजल और ग्लास फेंकने पर कार्रवाई की जाए। संभागीय हाट बाजार की जांच के अलावा अंडा, मांस, शराब और रॉस्टेड चने की भी जांच करने के निर्देश दिए।



### खाद्य प्रतिष्ठान में वेज-नॉनवेज साथ ना रखा जाए

कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि वे खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करें और खाद्य सैंपलों के साथ-साथ उनके पंजीयन, लाइसेंस और स्टोर की भी जांच करें। कलेक्टर ने चौपाटी और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी खाद्य प्रतिष्ठान में वेज और नॉनवेज एक साथ नहीं रखा जाना चाहिए। कहीं भी फ्रोजन मीट नहीं होना चाहिए और स्कूल कैंटीन की भी मॉनिटरिंग की जाए। होटलों में स्टैंडर्ड ऑयल के साथ लो शुगर वेरायटी और लो सॉल्ट के संबंध में भी जांच की जाए।



## मां नर्मदा सफाई सेवा समिति के ठेकेदार पर ठोंका 10 हजार का जुर्माना

**नवभारत, जबलपुर।** बाजनामठ के पास गंदगी पाए जाने पर मां नर्मदा सफाई सेवा समिति के ठेकेदार पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है और नियमित रूप से सफाई करने की हिदायत दी है। शहर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार अलर्ट मोड पर हैं। गुरूवार को निगमायुक्त संग्रामसागर तालाब पहुंचे जहां उन्होंने न केवल तालाब के सौंदर्यीकरण और सफाई के निर्देश दिए, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने के लिए वार्डों का भ्रमण भी किया। ऐतिहासिक संग्रामसागर तालाब की महत्ता को देखते हुए निगमायुक्त ने इसके जल और आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने तालाब में फैली जलकुंभी और गंदगी को तत्काल सफाई के निर्देश दिए।

## हेड कांस्टेबल पर नौकरी लगाने के नाम पर साढ़े सात लाख हड़पने का आरोप

**जबलपुर।** जीआरपी जबलपुर में पदस्थ हेड कान्स्टेबल किरण शर्मा एवं उसके पति राकेश शर्मा द्वारा स्वास्थ्य विभाग विक्टोरिया ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 7,50,000 रुपये हड़पने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से में की गई है।

किशोर कुमार कुंवर पिता स्व. रामदास कुंवर 42 वर्ष, निवासी मण्डला रोड बिलहरी, ने बताया कि वे जीआरपी पुलिस लाइन कॉलोनी में प्राइवेट साफ-सफाई का काम करता है। जी.आर.पी. पुलिस लाइन कॉलोनी में निवास करने वाली महिला किरण शर्मा जी.आर.पी. जबलपुर में हेड कास्टेबल के पद पर पदस्थ है उनके द्वारा विक्टोरिया अस्पताल में सरकारी नौकरी लगवाने का



प्रलोभन दिया गया। किरण शर्मा के पति राकेश शर्मा ने बताया था कि पत्नि ने कईयों की नौकरी लगवाई है, स्वास्थ्य विभाग मे लगभग 150 पद खाली है। स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी के नाम पर 7,50,000 रुपए ले लिए लेकिन नौकरी नहीं लगी पैसे वापस मांगने पर धमकाया जा रहा है।

### गौशाला में बज रहे धार्मिक गीत पर जताई आपत्ति, धमकाया

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत खजरी खिरिया स्थित माँ नर्मदा गौशाला में धार्मिक गीत पर आपत्ति जताते हुए गौशाला अध्यक्ष व अन्य को धमकाया गया। जब इसकी जानकार राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को लगी तो वे तत्काल मौके पर पहुँचे और कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद अधारताल थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कराई गई। जानकारी के मुताबिक सौरभ गौड निवासी गोटेगांव नरसिंहपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 4 माह से गौशाला में रहकर गौशाला के मवेशियों की देखरेख करता है। राहुल पटेल एवं शनि पटेल भी अपने परिवार के साथ रहकर मवेशियों की देखरेख करते है। बुधवार रात्रि नौ बजे गौशाला परिसर में मनोरंजन के लिए रखे होम थियेटर से धार्मिक भजन सुन रहा था तभी मुस्तफा खान गेट पर आया और उसे बुलाकर धार्मिक भजन सुनने मना किया।

## दोस्त का कत्ल करने वाले तीनों आरोपी गए जेल

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पीछे रैन बसेरा के सामने के पास बुधवार सुबह युवक के सर पत्थर पटककर हत्या कर करने वाले आरोपित दोस्तों को गिरफ्ता करने बाद पुलिस ने गुरूवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से कोर्ट ने तीनों को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मोहल्ला कोतवाली निवासी आकाश उर्फअक्कू अहिरवार 26 वर्ष आटो चालक था। बुधवार सुबह वे घर से निकला था। हिमांशु सोनी और भोले उर्फदेव, एक अन्य दोस्त से आकाश मिला। जिन्होंने सुबह शराब लाने के लिये आकाश को 500 रूपये दिये थे जो शराब लेने गया था लेकिन शराब लेकर वापस नहीं आया था। जिसे तीनों दोस्त तलाश करते रहे कुछ देर बाद आकाश क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पीछे रैन बसेरा के सामने मिला जिससे शराब मांगे। रूपए नहीं मिलते आकश की उसके ही दोस्तों ने हत्या कर दी थी। टीआई रीतेश कुमार पाण्डे ने बताया कि आरोपी देवेंद्र झरिया उर्फदेव उर्फभोले पिता जगदीश झरिया 27 वर्ष निवासी वार्ड 6 ग्राम बंचमपूरा कटंगी, हिमांशु सोनी पिता स्वर्गीय पिंटू उर्फरमेश सोनी 23 वर्ष निवासी समता कॉलोनी, शांति नगर गोहलपुर, आकाश उर्फअक्कू अहिरवार पिता पप्पू 27 वर्ष निवासी गोहलपुर को गिरफ्तार करने के बाद गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया जहं से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

## संवेदनशील क्षेत्र में बढ़ाई जाएं कैमरों की संख्या : एसपी

**जबलपुर।** लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार किया जाएं। ऐसे अपराधी जिनके 5 या 5 से अधिक अपराध हैं, सक्रिय गुण्डा बदमाश एवं चाकूबाज के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाए। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीव्ही कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सके। यह बातें पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने पुलिस कंट्रोल रूम में गुरूवार



को अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए कहीं। बैठक में त्रिवार्षिक तुलनात्मक भादवि, बीएनएस, प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी समेत समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।


**नाज मेडिकल** रद्दी चौकी, हाई कोर्ट रोड, जबलपुर
समय - दोप. 2 बजे से 4 बजे तक

हमारे विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करें :-

**डॉ. राजविलास नारखेड़े**
गैस्ट्रो, HPB एवं लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन
MBBS, MS,DNB
(Surgical Gastroenterology)
FMAS, FIAGES,PGDMLS
लीवर प्रत्यारोपण । लीवर सिरोसिस । लीवर कैंसर । गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर अग्न्याशय और पित्त नली की पथरी । पेट और आंत का कैंसर
हर महीने के दूसरे शुक्रवार को

**डॉ. अभिषेक वानकर**
न्यूरो फिजिशियन
MBBS, MD (General Medicine)
DM (Neurology)
DrNB (Neurology)
सिर दर्द । लकवा । पागलपन । मिर्गी । पार्किंसं । झुनझुनी संचलन विकार । चक्कर आना । पीठ और गर्दन में दर्द
हर महीने के दूसरे शुक्रवार को

रजिस्ट्रेशन शुल्क : 300/-

सूचना : (1) पहले आए मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी (2) कृपया अपने पुराने मेडिकल रिकार्ड्स साथ लेकर आये।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 0761-2443366, 4058947



**नवभारत**

**आवश्यकता है**

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

**एकाउंटेंट**
(बी.कॉम.व टेली एवं 2 वर्ष का अनुभव)

**डीटीपी ऑपरेटर**
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

**ऑफिस बाय**
(10 वीं पास एवं 5 वर्ष का अनुभव)

संपर्क करें

कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक)

9752721239, 8305852507
hr.navabharat1934@gmail.com


जायजा | समस्याओं के समाधान के लिए हैल्प डेस्क सक्रिय

## जनता के द्वार पहुंचे निगमायुक्त, खुद जांची पानी की गुणवत्ता

**नवभारत, जबलपुर।** शहरवासियों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर निगम प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं मैदान में उतरकर विभिन्न गलियों, मुहल्लों और बस्तियों का दौरा किया और जलापूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। निगमायुक्त की इस सक्रियता का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर के हर घर तक पहुंचने वाली पानी की एक-एक बूंद शुद्ध और सुरक्षित हो। वहीं शुद्धता को प्रमाणित करने के लिए गुरूवार को शहर के सभी संभागों से 200 से अधिक पानी के



सैंपल लिए गए। इन सैंपलों की जांच लैब में की जाएगी ताकि पानी की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनी रहे। स्वच्छ जलापूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर निगम का पूरा अमला इस समय मुस्तैदी के साथ मैदान में डटा हुआ है। निगमायुक्त ने भ्रमण के दौरान न केवल पाइपलाइन और सप्लाई नेटवर्क का निरीक्षण किया, बल्कि नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जल वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शुद्धिकरण के बाद ही नर्मदा नदी में मिल रहा पानी : निगमायुक्त

मां नर्मदा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जबलपुर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने गौरीघाट स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का तकनीकी अधिकारियों के साथ सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौरीघाट के समीपवर्ती बस्तियों से निकलने वाले गंदे पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि शोधन प्रक्रिया के पश्चात ही नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा पानी पूर्णत: साफ और स्वच्छ पाया गया। आयुक्त ने ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन गुणवत्ता मानकों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए उन्होंने मौके पर ही पानी के सैंपल लिए और उन्हें विस्तृत वैज्ञानिक जांच हेतु तत्काल प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ विशेषज्ञों और अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद रही, जिसमें मुख्य रूप से शामिल थे, देवेंद्र सिंह चौहान अपर आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग, अंकिता बर्मन स्वास्थ्य अधिकारी एवं संजय सिंह सहायक यंत्री मौजूद रहे।